हिन्दुस्तान

उद्यम संबंधी गतिविधियों में 10 फीसदी की गिरावट : सर्वेक्षण

हिन्दुस्तान टीम,नई दिल्लीNewswrap

Fri, 24 Dec 2021 09:40 PM

अहमदाबाद। एजेंसी

कोरोना वायरस महामारी ने देश में उद्यम संबंधी गतिविधियों को प्रभावित किया है। इसके कारण प्रारंभिक चरण की उद्यमशीलता गतिविधि 2020-21 में घटकर 5.34 प्रतिशत रह गई है, जो इससे पिछले साल में 15 प्रतिशत पर थी। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) द्वारा किए गए वैश्विक उद्यमिता विकास (जेम) इंडिया सर्वे के अनुसार कोरोना वायरस के प्रभाव के कारण लोगों के बीच उद्यमशीलता संबंधित गतिविधियों में गिरावट आई है।

यह सर्वेक्षण विश्व के 45 से अधिक देशों में उद्यमियों और उद्यमशीलता की धारणाओं को लेकर किया गया था। ईडीआईआई (गांधीनगर) ने इस सर्वेक्षण में 3,317 वयस्कों की राय ली है। ईडीआईआई के महानिदेशक और जेम इंडिया के टीम लीडर सुनील शुक्ला ने बताया कि सर्वेक्षण में पाया गया है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण उद्यमशीलता से संबंधित गतिविधियों के प्रमुख संकेतक में गिरावट आई है। सर्वेक्षण में पाया गया कि महिला उद्यमशीलता गतिविधियों में 79 प्रतिशत की कमी आई, जबकि पुरुषों की उद्यमशीलता की गतिविधियों में 53 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। सर्वेक्षण के अनुसार 2019–20 में कुल उद्यमशीलता गतिविधियां 33.3 प्रतिशत थी, जो 2020–21 में गिरकर 20.31 प्रतिशत हो गई।